वाणिज्य में स्नातक
(बी. कॉम)

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

बी. सी. ओ. सी. -131: वित्तीय लेखाकरण

सत्रीय कार्य

2022—23

जाँच सत्रीय कार्य की अवधि - 1st जुलाई 2022 से 30th जून 2023

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

वाणिज्य में स्नातक (बी. कॉम)

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

बी. सी. ओ. सी. -131: वित्तीय लेखाकरण

सत्रीय कार्य 2022–23

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस सत्रीय कार्य को तीन खंडों में विभाजित किया गया है । खण्ड - क में वर्णनात्मक पांच प्रश्न दिए गए हैं , जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 10 अंक के हैं। खण्ड - ख में छ: लघु प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 5 अंक के हैं। खण्ड - ग में दो लघु प्रश्न दिए गए हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 10 अंक के हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो दिसम्बर 2022 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे 15 अक्टूबर 2022 तक जमा करवायें।
2. वे छात्र जो जून 2023 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2023 तक जमा करवाना होगा।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	**:**	**बी. सी. ओ. सी. -131**
पाठ्यक्रम का शीर्षक	**:**	**वित्तीय लेखाकरण**
सत्रीय कार्य का कोड	**:**	**बी.सी.ओ.सी.-131/टी. एम. ए./2022 - 23**
खण्डों की संख्या	**:**	**सभी खण्ड**

अधिकतम अंक : 100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड - क

1. कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली को परिभाषित करें। मेन्युअल और कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली में अंतर की विवेचना कीजिए। **(10)**

2. निम्नलिखित लेन-देन को रोजनामचे में दर्ज कीजिए। **(10)**

2018			रु.
जून	1	अशोक को नकद बिक्री	18,000
"	2	विनोद से माल ख़रीदा	10,000
"	2	इस माल पर ढुलाई (cartage) का भुगतान किया	200
"	3	पुराने अखबारों की बिक्री से प्राप्त	100
"	4	चेक द्वारा नगरपालिका करों (municipal taxes) का भुगतान किया	900
"	4	मशीनरी की मरम्मत (तम चंपते) के लिए भुगतान किया	600
"	8	चेक द्वारा कमीशन प्राप्त किया	1,700

3. जोशी एंड संस के निम्नलिखित लेन-देन से रोकड़ बही तैयार कीजिए। **(10)**

2018		
अगस्त	1	रोकड़ शेष 4, 270 रुपये
"	5	पुराना टाइपराईटर ख़रीदा 1,500
"	**7**	सिंह एंड कंपनी से नकद मिले 1,980 रुपये तथा 20 रुपये की छूट दी।
"	10	नकद विक्रय 5,500 रुपये
"	12	राम नारायण को भुगतान किया 2, 970 रुपये और उन्होंने 30 रुपये की छूट दी।
"	14	60 रुपये के पुराने अखबार बेचे
"	16	प्रसाद से 1,000 रुपये लेने थे, उसने 985 रुपये देकर हिसाब चुकता किया।
"	18	संजीव ब्रादर्स से 10% के व्यापारिक छूट पर 2,000 रुपये का माल ख़रीदा और नकद भुगतान दिया
"	20	1,000 रुपये के माल को 5% व्यापारिक छूट पर नकद बेचा।
"	24	3% छूट लेकर तिवारी का 500 रुपये का हिसाब चुकता किया।

"	30	500 रुपये किराये के दिए।
"	30	1,490 रुपयेसे अधिक रोकड़ को बैंक में जमा किया।

4. ईजी पेमेंट्स लि.लागत पर 50% लाभ पर अवक्रय के आधार पर माल बेचता है। 31 दिसम्बर 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए निम्नलिखित विवरण दिए गए हैं। **(10)**

	रु.
अवक्रय स्टॉक खाता (प्रारंभिक)	18,000
देय किश्तें, जो ग्राहक भुगतान कर रहे हैं (प्रारंभिक)	10,000
वर्ष के दौरान अवक्रय पर बेचा गया माल (अवक्रय मूल्य पर)	1,74,000
ग्राहकों से प्राप्त नकद राशि	1,20,000
पुनर्ग्रहण किये गए माल का मूल्य (देय किश्तें 6,000 रु.)	3,000
अंत में अवक्रय स्टॉक खाता	60,000
देय किश्तें (अंत में), जो ग्राहक भुगतान कर रहे हैं	16,000
व्यय	19,000

5. दिल्ली के गुरशरण एंड कंपनी ने 1 जनवरी, 2018 को कलकत्ता के सिंह एंड कं. को 40,000 रु. की लागत की 50 पेटियां ग्लासवेयर विक्रय के लिए प्रेषण पर भेजी। इसकी सकल बिक्री – प्राप्तियों पर 5% की दर से कमीशन मिलना था। गुरशरण एंड कं. ने मालभाड़ा और ढुलाई पर 500 रु. और पैकिंग पर 600 रु. का भुगतान दिया। **(10)**

सिंह एंड कं. ने 5 जनवरी 2018 को माल प्राप्त किया तथा निकासी व्यय के लिए 300 रु. माल भाडा के लिए 200 रु., विविध व्ययों के लिए 50 रु. तथा गोदाम के किराय के लिए 100 रु. का भुगतान किया। उन्होंने 1,000 रु. प्रति पेटी की दर से 15 पेटियां, 1,200 रु. प्रति पेटी की दर से 25 पेटियां, तथा 1,100 रु. प्रति पेटी की दर से 10 पेटियां बेचीं।

5 अप्रैल 2018 को सिंह एंड कं. ने गुरशरण एंड कं. को उनके हिसाब में 15,000 रु. का बैंक ड्राफ्ट भेजा। 10 अप्रैल 2018 को सिंह कं. ने एक विक्रय विवरण भेजा जिसके साथ शेष देय राशि के लिए एक बिल भी था।

दोनों पक्षों की लेखा पुस्तकों में आवश्यक लेजर खाते बनाइए।

खण्ड – ख

6. लेखाकरण के कार्यों का संक्षेप में वर्णन कीजिए। (5)

7. व्यवसायिक एका की संकल्पना के बारे में बताइए। (5)

8. दोहरा लेखा प्रणाली से आप क्या समझते हैं ? (5)

9. संयुक्त रोजनामचे प्रविष्टि (Compound Journal Entry) किसे कहते हैं? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। (5)

10. अवक्रय करार की क्या विशेषताएं हैं ? (5)

11. पोस्ट – डेटेड वाऊचर क्या है ? इसके उपयोग बताइये । (5)

खण्ड – ग

12. लेखाकरण की गुणात्मक विशेषताएं क्या है ? इसकी विवेचना कीजिए। (10)

13. संयुक्त उपक्रम के मुख्य लक्षण बताइए। इसका प्रेषण से अंतर बताइए। (10)